82-VI-18

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

Rs. 100

ONE HUNDRED RUPEES

रु. 100

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

EA 900505

ट्रस्ट डीड

स्टेम्प शुल्क अंकन-770/ रुपये

पंजीयन दिनांक-18-06-2018

हम कि ज्ञान प्रकाश सिंह पुत्र स्व0 बलभद्र नारायण सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट-शिवली बाजार तहसील-रुद्रपुर जिला देवरिया (उ0प्र0) के है जिन्हे आगे व्यवस्थापक / अथवा न्यासी कहा गया है। व्यवस्थापक की इच्छा समाज सेवा व शिक्षा के क्षेत्र व महिला कल्याण हित में कार्य करने की है, जिसके लिए व्यवस्थापक ने यह ट्रस्ट स्थापित करने का निश्चय किया है।

विदित हो कि व्यवस्थापक धनराशि अंकन-20,000/-रुपये के स्वामी व अधिकारी तथा व्यवस्थापक तथा शिक्षा के लिए कार्य व अन्य कार्य जिनका विवरण आगे दिया गया है, के लिए एक ट्रस्ट की स्थापना करना चाहते है और उक्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु व्यवस्थापक ने उक्त राशि रु0-20,000 रुपये जो इस उद्देश्य से हस्तान्तरित कर दी है और दे दी है कि न्यासी उक्त राशि को आगे दी गयी शर्तों एवं प्राविधानों के अन्तर्गत बतौर न्यासी रखेंगे। उक्त ट्रस्ट के नाम पर आज तक कोई चल व अचल सम्पत्ति नहीं है। उक्त व्यवस्थापक ने उक्त ट्रस्ट के प्रथम ट्रस्टी होना स्वीकार किया है और विलेख का निष्पादन कर रहे है अतः व्यवस्थापक इकरार करते है व घोषणा करते है कि —

1— यह कि उक्त ट्रस्ट का नाम माँ राधिका देवी सेवा संस्थान बटुलही देवरिया है।

2— यह कि उक्त का पंजीकृत व प्रशासनिक कार्यालय का पता ग्राम व पोस्ट बटुलही, तहसील व जिला देवरिया होगा, परन्तु ट्रस्टी को अधिकार होगा कि वे उक्त ट्रस्ट का कार्यालय कहीं पर भी सहमति और सुविधा से स्थानान्तरित कर सकते है।

3— यह कि ट्रस्टीगण उक्त राशि रु0 20,000/-रुपये जिसे आगे ट्रस्ट फण्ड कहा गया है तथा भविष्य में ट्रस्ट की सम्पत्ति, नकद राशि, निवेश, दान, ऋण तथा अनुदान से प्राप्त सम्पत्ति सावधि जमा अथवा चालू खाता जो उक्त ट्रस्टी का

Principal
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

Manager
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

Rs. 100

रु. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH EA 900503

समय समय पर प्राप्त हो, को धारण करेंगे। उक्त ट्रस्ट की चल व अचल सम्पत्ति को बतौर ट्रस्टीगण आगे दी गयी शक्तियों तथा कर्तव्यो को प्रयोग व अनुपालन करते हुए धारण करेंगे।

4– यह कि ट्रस्टीगण ट्रस्ट फण्ड तथा ट्रस्ट पूंजी तथा अन्य चल व अचल सम्पत्तियो को शिक्षा संवर्धन के मुख्य कार्य तथा अन्य सामाजिक उत्थान के कार्य, औषधालय तथा शिक्षा संस्थाओ व कार्यशालाओ व महिला उत्थान कल्याण की स्थापना एवं संचालन व व्यवस्था, यात्री सेवा व सुविधा आदि के कार्य करते हुए धारण करेंगे। न्यासीगण को समय समय पर आवश्यकतानुसार न्यास के उद्देश्यो में परिवर्तन करने का पूर्ण अधिकार होगा।

5– यह कि ट्रस्ट के उद्देश्यो की पूर्ति के लिए न्यासी को समय समय पर भूमि का ग्रहण अधिग्रहण, सरकारी, गैर-सरकारी संस्थाओ, व्यक्तियों, संस्थाओ व विभागों से करने का पूर्ण अधिकार होगा।

6– यह कि उपरोक्त उद्देश्यों के अतिरिक्त तथा उन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ट्रस्टीगण ट्रस्ट फण्ड तथा आय को तथा उसके समस्त या किसी भाग को नीचे दिये गये उद्देश्यों मे से किसी एक या समस्त और जितनी मात्रा मे चाहे सर्वांगीण रूप से प्रयोग कर सकते है ,

ट्रस्ट के उद्देश्य एवं कार्य –

Principal
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

Manager
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

न्यास पत्र

प्रतिफल- 20000 स्टाम्प शुल्क- 730 बाजारी मूल्य - 0 पंजीकरण शुल्क - 400 प्रतिलिपिकरण शुल्क- 140 योग 540

श्री ज्ञान प्रकाश सिंह ,
पुत्र श्री स्व० बलभद्र नारायण सिंह
व्यवसाय : अन्य
निवासी: साकिन व पोस्ट छितही बाजार तहसील रुद्रपुर जिला देवरिया पद अध्यक्ष



ने यह लेखपत्र इस कार्यालय मे दिनांक 18/08/2018 एवं 04:21:01 PM बजे
निबंधन हेतु पेश किया।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

चन्द्र मोहन सिंह धमारी
उप निबंधक सदर
देवरिया
18.08.2018

राजीव कुमार श्रीवास्तव
कनिष्ठ सहायक (निबंधन) - नियमित

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

Rs. 100

ONE HUNDRED RUPEES

रु. 100

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH EA 900504

न्यास का उद्देश्य निम्नांकित मे से सभी या कोई हो सकता है –

1— शिक्षा, स्वास्थ्य का प्रसार, विकास एवं विस्तार होगा।

2— नर्सरी, प्राइमरी उच्चतर उच्चतर माध्यमिक कामर्शियल इण्डस्ट्रीयल तकनीकी चिकित्सा एवं शारीरिक विद्यालयों तथा कालेजो तथा अन्य प्रकार के विद्यालयों एवं कालेजो की प्रगति एवं विकास हेतु सहयोग एवं प्रबन्ध करना।

3 विद्यालय कालेज एवं संस्था की स्थापना प्रबन्ध प्रशासन एवं देखभाल तथा विद्यार्थियों की किसी स्तर तक शिक्षा जो आवश्यक होगा,उनकी इच्छानुकुल व्यवस्था करना।

4— न्यास का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण भारत होगा तथा न्यास अन्य धाराओं में वर्णित कार्य करेगी।

Principal
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

Manager
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

पृष्ठ संलग्न 58,59

निष्पादन लेखपत्र वाद सुनने व समझने मजमुन व प्राप्त धनराशि रु प्रलेखानुसार उक्त

क्रेता: 1

श्री ज्ञान प्रकाश सिंह, पुत्र श्री स्व० बलभद्र नारायण सिंह

निवासी: साकिन व पोस्ट भिलही बाज़ार तहसील रुद्रपुर जिला देवरिया पद अध्यक्ष

व्यवसाय: अन्य



क्रेता 2: 1

श्री अमरनाथ सिंह कोषाध्यक्ष, पुत्र श्री ज्ञानप्रकाश सिंह

निवासी: साकिन व पोस्ट भिलही बाज़ार जिला देवरिया

व्यवसाय: अन्य

ने निष्पादन स्वीकार किया । जिनकी पहचान

पहचानकर्ता : 1

श्री सन्तोष कुमार यादव , पुत्र श्री स्व० चन्द्रिका यादव

निवासी: साकिन व पोस्ट बढ़ुलही जिला देवरिया

व्यवसाय: अन्य



पहचानकर्ता : 2

श्री महातम सिंह , पुत्र श्री स्व० विश्वनाथ

निवासी: साकिन व पोस्ट सोहनपुर जिला देवरिया

व्यवसाय: अन्य



ने की । प्रत्यक्षतःभद्र साक्षियों के निशान अंगूठे नियमानुसार लिए गए है ।

टिप्पणी :

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

चन्द्र मोहन सिंह प्रभारी
उप निबंधक : सदर
देवरिया

राजेश कुमार श्रीवास्तव
कनिष्ठ सहायक (निबंधन) - नियमित

भारतीय गैर न्यायिक

पचास रुपये | FIFTY RUPEES

रू. 50 | Rs.50

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH BR 309137

5 ऐसे छात्र जिनकी रूचि अन्य छात्रों की पढ़ान / प्रशिक्षण देने की हो उनके शिक्षा के लिए संस्था स्कूल या कालेज की स्थापना प्रशासन एवं प्रबन्धन की व्यवस्था करना।

6— वयस्क व्यक्तियो के शिक्षा की व्यवस्था करना।

7 मीटिंग लेक्चर वाद विवाद प्रतियोगिता वाद–विवाद के लिए शिक्षा सेमीनार कान्फ्रेन्स प्रतियोगिता परीक्षा, अनुसंधान, कल्चरल एक्जीबिटिंग सिनेमा द्वारा शिक्षा खेल कूद आदि की व्यवस्था करना।

8— पुस्तकालय, म्युज़िक, रीडिंग रूम, पुस्तको का वितरण जो शिक्षा के विस्तार मे आवश्यक हो प्रबन्ध करना।

9— स्कूल, कालेज एवं संस्थाओं के लिए धन की व्यवस्था करना।

10 स्वरोजगार के लिए धन की व्यवस्था करना एवं कराना।

11 रोजगार के लिए लोगो को लगाना।

12— चिकित्सा के लिए स्थान–स्थान पर लोगो को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम करना तथा शिविर का आयोजन करना।

13 चिकित्सा मेटरनीटी होम, नर्सिंग होम की स्थापना व्यवस्था एवं डाक्टर्स को रखना। चिकित्सा के लिए सभी प्रकार के संसाधन एकत्रित करना एवं उसकी व्यवस्था करना।

Principal
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

Manager
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

सब रजिस्ट्रार सदर, जिला

सत्यमेव जयते

भारतीय गैर न्यायिक

पचास रुपये

FIFTY RUPEES

रु.50

Rs.50

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH BR 309138

14– समाज के अल्पसंख्यक पिछड़े, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व सामान्य वर्ग की बालक/बालिकाओ हेतु प्रशिक्षण जैसे कम्प्यूटर टाइपिंग ,शार्टहैण्ड कम्प्यूटर हार्डवेयर साफ्टवेयर डी०टी०पी०,स्क्रीनप्रिंटिंग टर्नर इलेक्ट्रीशियन बैटरी रिपेयरिंग वायरमैन डीजल मैकेनिक मोटर मैकेनिक रेडियो, टैपिंग लघु कुटीर उद्योग मोटर वाइंडिंग,सिलाई कढ़ाई बुनाई पेन्टिंग, फल संरक्षण,रेक्सीन कला, गृह सज्जा, अचार,मुरब्बा, गाबिरा, मत्तल अगरबत्ती, मसाला,ब्यूटी पार्लर एयर कन्डीशनर की मरम्मत, डीजल पम्पसेट की मरम्मत मोटरसाइकिल व ऑटो मैकेनिक मुद्रण, कम्पोजिंग फोटोग्राफी, चर्मशिल्प, प्रशिक्षण स्प्रे पेन्टिंग,वेल्डिंग, फीटर, दरी निर्माण प्रशिक्षण, मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण देना इन्जीनियरिंग शिक्षा की निःशुल्क जानकारी देना तथा राज्य सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा चलाये जाने वाले कार्यक्रमो के माध्यम से तकनीकी शिक्षा देकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना।

Principal
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

Manager
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

[illegible]

[illegible]

[illegible] [illegible] [illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

भारतीय गैर न्यायिक

पचास रुपये

FIFTY RUPEES

रू 50

Rs.50

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BR 309139

15 खादी ग्रामोद्योग खादी कमीशन बोर्ड हथकरघा हस्तशिल्प कला चमड़ा उद्योग रेक्सीन कला से सम्बन्धित कार्यक्रमो की जानकारी देना तथा समाज के निर्बल एवं बेराजगार लोगो के उत्थान हेतु उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड से एवं खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा संचालित कार्यक्रमों को सफल बनाने का प्रयास करना व तकनीकी शिक्षा का प्रबन्ध करना।

16 शारीरिक तथा मानसिक रूप से अक्षम व्यक्तियों एवं विकलांगो हेतु कल्याणकारी कार्यो सम्पादन करना तथा इन लोगो के रहने के लिए नि:शुल्क आश्रम बनवाना।

17– कमजोर व निर्धन विकलांग बालक एवं बालिकाओं के रहने हेतु आवासीय अनावसीय विद्यालयों की स्थापना करना सरकार से अनुमति लेकर, नि:शुल्क विकलांग चिकित्सालयों की स्थापना करना व नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रदान करना।

18– ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रो के विकास हेतु स्वच्छ जल धारा पेयजल पानी की टंकी, नाली सिवर की नि:शुल्क व्यवस्था करना व मलिन बस्तियों की सफाई के कार्य में सहयोग करना व सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान का प्रचार प्रसार नि:शुल्क करना।

Principal
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

Manager
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

भारतीय गैर न्यायिक

बीस रुपये

Rs.20

रु. 20

TWENTY RUPEES

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

[illegible] 969718

19— विकलांग बालक एवं बालिकाओं को हास्टल व घर से विद्यालय लाने व पहुँचाने हेतु निःशुल्क बस का प्रबन्ध करना।

20— समाज में व्याप्त दहेज प्रथा अंध विश्वास एवं कुरीतियों के खिलाफ समाज को जागरूक करने व उन्हे दूर करने के लिए प्रयास करना ।

21— ट्रस्ट के माध्यम से सामान्य, पिछड़ी जाति अनुसूचित जाति अनु०जनजाति अल्पसंख्यक बालक/बालिकाओं के लिए शिक्षा/तकनीकी शिक्षा का प्रबन्ध करना व उनके उत्थान के लिए कार्य करना व शिशु से लेकर उच्च स्तर तक की शिक्षा का प्रबन्ध करना।

22— औषधि कार्यो के लिए जड़ी बुटियों जैविक खेती के बारे मे लोगो को जानकारी देना व जैविक खाद विस्तार कार्यक्रम के द्वारा जैविक खेती एवं ग्रामीण बेरोजगार नवयुवको को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना,मेन्थामिन्ट (पिपरमिन्ट) की खेती के लिए लोगो को प्रेरित करना।

23— परिवार कल्याण कार्यक्रमो एव स्वास्थय कार्यक्रमो को गांवो में व्यापक स्तर पर निःशुल्क संचालित करना ,टीकाकरण जैसे पल्स पोलियो के हैपेटाईटिस फाइलेरिया, मलेरिया, क्षय रोग, एड्स, कैंसर, टी०बी० कुष्ठ क्षेत्रीय बीमारियों के रोकथाम के लिए प्रचार-प्रसार करना व जानकारी देना तथा निःशुल्क दवाओ का वितरण करना व प्रदेश के विभिन्न जनपदो मे निःशुल्क चिकित्सालयों की स्थापना करना तथा मानव कल्याण हेतु हर प्रकार की निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य सम्बन्धी कार्यक्रमो का प्रचार-प्रसार निःशुल्क करना व रेडक्रास सोसाइटी की योजनाओ के साथ-साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर जन साधारण को जानकारी मुहैया कराना व निःशुल्क होम्योपैथिक एवं यूनानी चिकित्सालय स्थापित करना। दृष्टिहीन मूक-बधिर विद्यालयों की स्थापना करना व निःशुल्क चिकित्सालयों नेत्र-दान,रक्त-दान का कैम्प लगवाना।

Principal
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

Manager
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria



Rs.20
Rs.20
TWENTY
RUPEES
INDIA NON JUDICIAL
उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

24- समाज मे व्याप्त छुआ–छूत ऊच– नीच तथा जाति वर्ग की विषमता की निर्मूल समाप्त करने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करना तथा अनुसूचित जाति / जनजाति के संवैधानिक अधिकारों की निःशुल्क जानकारी देना।

25- शराब व मादक पदार्थ का नशा करने वालो की लत छुड़ाने के लिए सरकार के कार्यक्रमो के अनुसार कार्य करना और उन कार्यक्रमो का सफल बनाना।

26- पर्यावरण की सुरक्षा को देखते हुए प्रदूषण को रोकने हेतु ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रो मे व्यापक रूप से वृक्षारोपण को बढ़ावा देना एवं इस पर शोध कार्य करना।

27- अस्वस्थ वातावरण मे रहने वाले निराश्रित बच्चो के लिए शिक्षण एवं प्रशिक्षण की निःशुल्क व्यवस्था करना।

28- जल संरक्षण, जल संचयन व जल संसाधन तथा स्वजलधारा से सम्बन्धित, सभी कार्यक्रमो का प्रचार–प्रसार करना एवं जल प्रदूषण के खिलाफ गोष्ठी, शोध केन्द्रो की स्थापना करना।

29- नदियो मे गन्दे नालो तथा कचरे को जाने से रोकने के लिए कार्यक्रम बनाना तथा उसके लिए सम्बन्धित विभागो की अनुमति से करना। छोटे, पोखरे एवं तालाबो के सुन्दरीकरण के लिए कार्य करने का प्रयास करना।

30- दैवीय आपदा जैसे बाढ़ भूकम्प सूखा हैजा प्लग आदि जैसी बीमारियों व महामारियो व विभिन्न कठिनाईयो में शासन व प्रशासन के साथ कन्धा से कन्धा मिलाकर जल साधारण की हर तरह से सेवा करना।

Principal
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

Manager
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

[illegible] [illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

INDIA NON JUDICIAL

Rs.20

TWENTY RUPEES

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

31AA 969726

31- मानव संसाधन, विकास मंत्रालय, सामाजिक अधिकारिता मंत्रालय, युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं अन्य मंत्रालयों तथा उ0प्र0 सरकार भारत सरकार व अन्य राज्यों की सरकारों और विदेशी संगठनो के द्वारा चलायी जाने वाली योजनाओ की जानकारी देना एवं उनका क्रियान्वयन करना।

32- बाल विकास एवं बालचिकित्सा हेतु यूनिसेफ, आई0एल0ओ0 यूनेस्को, सिफो नाबार्ड, कपार्ट एवं अन्य सरकार तथा गैर सरकारी एवं सामाजिक संस्थाओ के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर कन्धे से कन्धा मिलाकर योजनाओं का प्रचार प्रसार करना एवं मानव संसाधन मंत्रालय से सम्बन्धित कार्यक्रमो की जानकारी देना।

33- आम जनता के उपयोग के लिए धर्मार्थ कम्युनिटी हाल, बारातघर, वृद्धाश्रम, महिलाश्रम अनाथालय, प्याऊ, वाचनालय, पुस्तकालय, धर्मार्थ डिस्पेन्सरी व निशुल्क स्कूलो, रात्रि निवास, शॉर्ट स्टे होम, मूक बधिर कल्याण हेतु समस्त कार्यक्रमो का प्रचार-प्रसार करना।

Principal
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

Manager
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

[illegible]

২।২।৭২

[illegible]

[illegible]

[illegible]

Rs.20

TWENTY RUPEES

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH 31AA 967728

34– बालिकाओ/महिलाओं से सम्बन्धित यौन प्रहार/आक्रमण की रोकथाम हेतु युवतियों को आवश्यक जानकारी देना, अविवाहित माता विधवा पारिवारिक हिंसा/दहेज प्रथा, दहेज पीड़ितो को उक्त प्रताड़ना से मुक्ति दिलाने का प्रयास करना व गरीब बेसहारा लड़कियों की शादी करवाना एवं सामूहिक विवाहों का करवाना।

35– गौशाला खोलवाकर पशु पक्षियो की सेवा करना तथा अवैधानिक तरीको से पशु–पक्षियों का शिकार करने वालो पर रोक लगवाना।

36– प्राकृतिक पर्यावरण का संतुलन बनाने के लिए प्राकृतिक धरोहर की रक्षा करना तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण कराना।

37 उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित समस्त कार्यक्रमो.को कराना।

38– क्षेत्र के बेरोजगार लोगों को प्रशिक्षित कराकर रोजगार की व्यवस्था करना तथा तकनीकी कारीगरो को रोजगार की व्यवस्था करना।

Principal
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

Manager
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

[illegible] [illegible]

[illegible]

[illegible] [illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

Rs.20

TWENTY RUPEES

INDIA

NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

39 प्रारम्भिक शिक्षा, प्रौढ शिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा की व्यवस्था करना व व कृषि कला विज्ञान के विकासार्थ सर्वेक्षण, विस्तार अनुसंधान व अन्य रचनात्मक कार्यो की व्यवस्था करना विभिन्न स्तरीय शिक्षा संस्थानो पुस्तकालयों ई- पुस्तकालयो की निःशुल्क व्यवस्था करना, विज्ञान, कला–साहित्य के लिए प्रशिक्षण-शोध एवं उपयोगी ज्ञान का प्रचार –प्रसार करना।

40 सामाजिक उद्देश्यों से कार्यरत अन्य सोसाइटी की सहायता संरक्षा व नेतृत्व जिससे सोसाइटी के कार्यक्रमो को बल मिल सकें इसके अतिरिक्त वे सभी कार्य को समय–समय पर प्रबन्धकारिणी समिति द्वारा निश्चित किया जाय।

41– स्वच्छ जल पीने के लिए लोगो को बताना। ग्रामीण एवं शहरी इलाको में पानी की टंकी का निर्माण कराना एवं सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलाना। गॉवो में इण्डिया मार्का हैण्डपम्पो की निःशुल्क व्यवस्था करना।

42– छात्रो के उज्जवल भविष्य हेतु सलाह देकर उनका मार्गदर्शन करना।

Principal
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

Manager
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible] [illegible]

[illegible]

[illegible]

Rs.20

TWENTY RUPEES

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH 31AA 969729

43- महिलाओं एवं लड़कियों के लिए अल्पकालीन निवास केन्द्रो का संचालन करना।

44- विभिन्न प्रकार के दैनिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र एवं पत्रिकाओं का नि:शुल्क प्रकाशन एवं सम्पादन का कार्य करना।

45- सूचना प्रौद्योगिकी एवं अन्य कार्यक्रमों का प्रयोग करना, जिससे सामाजिक विकास के कारणों को बढ़ावा मिले, जिससे स्वास्थ्य, शिक्षा, गरीबी उन्मूलन जैसे मूलभूत क्षेत्र सम्मिलित हो।

46- वैकल्पिक ऊर्जा के स्रोतो की जानकारी देना तथा उससे होने वाले लाभो के विषय में जानकारी देना एवं ग्रामीण इलाको में लाभ दिलाना।

47- पूरे देश या प्रदेश में स्वास्थ्य नेत्र दान एवं रक्तदान के लिए शिविर का आयोजन करना तथा मृत व्यक्तियों के शरीर के महत्वपूर्ण अंगो को दान के लिए प्रेरित करना, जिसका उपयोग जीवित व्यक्तियों के लिए किया जा सके।

48- महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी (मनरेगा) कानून के विषय में ग्रामीणो को जानकारी देना एवं उन्हे काम दिलाने का प्रयास करना तथा मजदूरो के प्रति हो रहे अत्याचारों की सूचना विभिन्न विभागो को दिलाना तथा मजदूरों में जागरूकता पैदा करना।

49- महिलाओ एवं लड़कियों को अत्याचार के विरुद्ध संगठित करना, महिला कर्मचारियों पर यौन अपराध के विरुद्ध जन आन्दोलन करना एवं काम काजी महिलाओ के लिए कार्यालय मे यौन उत्पीड़न के विरुद्ध उचित वातावरण बनाना एवं केन्द्रो का संचालन करना।

Principal
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

Manager
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria



Rs.20

TWENTY RUPEES

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH 31AA 969730

50 मानव जाति की भलाई हेतु नशा विरोधी अभियान चलाना एवं नशा मुक्ति केन्द्रो की स्थापना तथा संचालन करना।

51- समाज के विभिन्न क्षेत्रो में सम्मानित कार्य करने के लिए लोगो को प्रशस्ति पत्र, सम्मान उपाधि एवं मेधावी छात्रो को छात्रवृति प्रदान करना।

52- अपने उद्देश्यों की पूर्ति हेतु छापाखाना, ऑफसेट प्रेस आदि की स्थापना करना।

53- किसी उच्चताय शिक्षण संस्था उद्योग या अन्य जन उपयोगी इकाई जो संस्था के हित मे उसे नियमानुसार खरीद सकता है।

54- सरकारी / गैर सरकारी / अर्धसरकारी / विदेशी / जन प्रतिनिधियो / व्यक्तियो / संस्थाओं / कम्पनी / दुकानो आदि से जानकारी आदि लेकर संस्था के उद्देश्यो की पूर्ति करना।

55 आवश्यकता पड़ने पर संस्था की सम्पत्ति को नियमानुसार समान उद्देश्यो वाले संस्था / ट्रस्ट फर्म कम्पनी आदि को हस्तान्तरित करना, लीज या किराये पर देना।

56- संस्था के अधीन स्थापित संस्थाओ व गठित समितियो में अनियमितता की की स्थिति उत्पन्न होने पर या किन्ही आकस्मिक परिस्थितियो मे उसके संचालन के बावत गठित समितियो को भंग कर उसकी सम्पूर्ण व्यवस्था संस्था में निहित करना।

57- संस्था के उद्देश्यो की पूर्ति तथा विभिन्न इकाईयों की सुचारु रूप से व्यवस्था के लिए अन्य संस्थाओं की स्थापना करना तथा इसके लिए समितियों का गठन कर उसकी नियमावली तैयार करना।

Principal
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

Manager
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

[illegible]

[illegible]

[illegible] [illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

जिला देवरिया

Rs.20
TWENTY RUPEES
INDIA NON JUDICIAL
उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH 31AA 967731

58- संस्था के अधीन स्थापित एवं संचालित संस्थाओं/केन्द्रो/इकाईयों एवं अन्य उसके लिए आचरण एवं व्यवहार नियमावली तैयार करना।

59- संस्कृति मंत्रालय, स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय, सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता मंत्रालय, जन जातीय मामलो के मंत्रालय महिला तथा बाल विकास मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, विद्यालय शिक्षा तथा साक्षरता विभाग के सभी कार्यक्रमो का संचालन करना एव उससे सम्बन्धित कार्यों के माध्यम से रोजगार दिलाना।

60- गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगो को भूमि आवास पेयजल शौचालय भोजन एवं अन्य सभी सुविधाएं निःशुल्क मुहैया कराना जो भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिलती हो।

61- ट्रस्ट के उद्देश्यो की पूर्ति हेतु कार्यकर्ताओ को नियुक्त करना,उनसे अनुदान लेना,उन्हे पारिश्रमिक प्रदान करना।

62- महिलाओ को स्वास्थय के प्रति जागरुक करना,शिविर लगाना तथा उन्हे निःशुल्क वस्त्र एवं स्वास्थय सामाग्री प्रदान करना।

63- महिलाओ को आत्मरक्षा हेतु प्रशिक्षण देना तथा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करना।

Principal
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

Manager
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

[illegible]

[illegible]

Rs.20

Rs.20

TWENTY RUPEES

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

UTTAR PRADESH

15

51AA 967752

ट्रस्ट के निम्न पदाधिकारी होंगे-

क्रमांक	नाम	पिता/पति का नाम	पता	पद
1	ज्ञान प्रकाश सिंह	स्व0 बलभद्र नारायण सिंह	ग्राम व पो0 छितही बाजार तहसील रूद्रपुर जिला देवरिया 9454152625	अध्यक्ष
2	शेषनाथ सिंह	ज्ञान प्रकाश सिंह	ग्राम व पो0 बटुलही जिला देवरिया 9936641500	उपाध्यक्ष
3	श्रीमती सीमा सिंह	पत्नी अमरनाथ सिंह	ग्राम व पो0–छितही बाजार जिला देवरिया 9454971969	सचिव
4	अमरनाथ सिंह	ज्ञानप्रकाश सिंह	ग्राम व पो0 छितही बाजार जिला देवरिया 8009084949	कोषाध्यक्ष
5	श्रीप्रकाश सिंह	स्व0 बलभद्र नारायण सिंह	ग्राम व पो0–छितही बाजार जिला देवरिया 9621272320	सदस्य
6	दिनेश कुमार सिंह	स्व0 सिंहासन सिंह	ग्राम व पो0 छितही बाजार जिला देवरिया 9984750543	सदस्य
7	राधिका देवी	पत्नी ज्ञानप्रकाश सिंह	ग्राम व पो0–छितही बाजार जिला देवरिया 9721863986	सदस्य

ज्ञानप्रकाश सिंह

अमरनाथ सिंह

Principal
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

अमरनाथ सिंह
Manager
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

[illegible]

[illegible]

INDIA NON JUDICIAL

Rs.20

TWENTY RUPEES

INDIA

UTTAR PRADESH

51AA 959733

ट्रस्टी के अधिकार व कर्तव्य एवं नियुक्ति :-

1- यह कि न्यासीगण को ट्रस्ट फण्ड की आय व उसके किसी भाग को जितने तथा जिस अवधि तक न्यासीगण चाहे जमा करने तथा संचय की हुई आय को कालान्तर में कभी भी या किसी भी समय ट्रस्ट के उद्देश्यो के लिए व्यय करने का पूर्ण अधिकार होगा।

2- यह कि न्यासीगण ट्रस्ट फण्ड या उसके किसी भाग अथवा भागों को किसी भी [illegible] व अवसर पर जैसे कि ट्रस्टीगण उचित समझे, उपरोक्त उनके कार्यो मे से [illegible] व अंशिक पर व्यय कर सकते है।

3- उपरोक्त ट्रस्ट के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह होंगे। अन्य ट्रस्टी सदस्यों को पद या [illegible] अध्यक्ष आवंटित करेगा।

Principal
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

Manager
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria



सत्यमेव जयते

भारतीय गैर न्यायिक

बीस रुपये

Rs.20

Rs.20

TWENTY RUPEES

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

31AA 969737

17

यह कि ट्रस्ट के उपरोक्त पदाधिकारी अध्यक्ष का कार्यकाल जीवनपर्यन्त होगा तथा वो व्यवस्थापक ट्रस्टी कहलायेंगे। अध्यक्ष का भी चुनाव नहीं होग और न ही कोई सदस्य या अन्य व्यक्ति उनके चुनाव के लिए कोई कानूनी कार्यवाही करेंगे। उपरोक्त पदाधिकारी अपनी इच्छा से अपने पद से त्यागपत्र दे सकते है। यदि उक्त पदाधिकारियों से में कोई भी पदाधिकारी अपने पद से त्याग-पत्र देता है तो व्यवस्थापकों को उसकी जगह नया पदाधिकारी बनाने का अधिकार होगा। यदि कोई व्यक्ति स्वयं ट्रस्ट की सदस्यता से त्याग पत्र देता है और उसे अध्यक्ष की सहमति से स्वीकार किया जायेगा। ऐसी दशा में त्याग-पत्र देनो वाले सदस्य के समस्त अधिकार ट्रस्ट से खत्म हो जायेंगे।

यह कि पदाधिकारियों के निम्न कार्य व दायित्व होंगे-

क. अध्यक्ष- ट्रस्ट की सभी बैठकों की अध्यक्षता करना, ट्रस्ट की बैठक समय से बुलाने व ट्रस्ट को सुचारु रुप से संचालन करने के लिए सचिव को निर्देश व सहयोग प्रदान करना ट्रस्ट के लिए ट्रस्ट के नाम से कानूनी कार्यवाही करना।

ख. उपाध्यक्ष- अध्यक्ष की अनुपस्थिति में अध्यक्ष के कार्य करना। किन्तु उपाध्यक्ष के द्वारा किये गये कार्य वही वैध होंगे जिनका अनुमोदन अध्यक्ष से करा लिया जायेगा।

ग. कोषाध्यक्ष- ट्रस्ट की समस्त आय-व्यय का हिसाब रखना व उसको आडिट कराना। ट्रस्ट का समस्त व्यय जो कि अध्यक्ष द्वारा सत्यापित हो उनको अनुमोदित कर भुगतान कराना। ट्रस्ट के समस्त बैंक खातों का संचालन अध्यक्ष/मंत्री के संयुक्त रुप से करेंगे।

यह कि ट्रस्ट के सभी महत्वपूर्ण कार्य जैसे-न्यायालय प्रकरण, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करो से सम्बन्धित लेन-देन, निर्माण, मान्यता, सम्बद्धता आदि आपसी सहमति से अध्यक्ष करेगा। किसी महत्वपूर्ण निर्णय अथवा आपातकालीन समस्या के लिए आपातकालीन बैठक अध्यक्ष

Principal
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

Manager
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

12/12

[illegible] [illegible]

[illegible]

[illegible]

भारतीय गैर न्यायिक

दस रुपये Rs.20

Rs.20

TWENTY RUPEES

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

31AA 969739

अध्यक्ष संयुक्त रूप से ट्रस्ट की सम्पत्तियों/अचल सम्पत्तियों को बन्धक रखकर ट्रस्ट के उद्देश्यों के लिए उधार/ऋण/बैंक गारण्टी लेने का पूर्ण अधिकार होगा तथा ट्रस्ट के लाभ के लिए ट्रस्ट की सम्पत्ति के विक्रय करने का अधिकार भी होगा। अध्यक्ष संयुक्त रूप से ट्रस्ट के उद्देश्यों के लिए ट्रस्ट की सम्पत्तियों/परिसम्पत्तियों को किराया/लीज पर देने का अधिकार होगा व ट्रस्ट के उद्देश्यों लिए ट्रस्ट की सम्पत्तियों/परिसम्पत्तियों को सभी प्रकार के शेयरों, ऋण-पत्रों व अन्य प्रतिभूतियों में निवेश करने का पूर्ण अधिकार होगा।

5. यह कि अध्यक्ष संयुक्त रूप से ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कहीं भी चल व अचल सम्पत्ति किन्हीं भी शर्तों पर जो ट्रस्टीगण निश्चित करेंगे तथा ट्रस्ट के उद्देश्यों के विपरीत न हो, को प्राप्त करने व धारण करने चाहे पूर्ण स्वामित्व में हो या लीज पर हो या किराये पर हो गया क्रय करने करने या किसी और अन्य तरीके से प्राप्त करने, विक्रय करने, किराये पर देने, हस्तान्तरण करने तथा अन्य प्रकार से अधिकार त्यागने का पूर्ण अधिकार होगा परन्तु ट्रस्टीगण को ट्रस्ट के नाम से तथा उद्देश्यों से रिक्त होने का अधिकार नहीं होगा।

6. यह कि बैठक का कोरम किसी भी समय समस्त ट्रस्टियों की संख्या का 1/3 अथवा किन्हीं तीन ट्रस्टियों का जो भी अधिक हो, होगा। यदि कोरम के अभाव में सभा स्थगित की जाती है जो स्थगित बैठक की तिथि, समय व स्थान की समस्त ट्रस्टीगणों को डाक द्वारा सूचना प्रेषित करना आवश्यक होगा। स्थगित सभी भी कोरम पूरा किये बिना नहीं हो सकती। ट्रस्ट के सभी महत्वपूर्ण कार्यों में अध्यक्ष की सहमति लेना अनिवार्य होगा।

7. यह कि उक्त व्यवस्थापक को ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्थाओं से अपने तकनीकी कौशल के अनुसार पारिश्रमिक व लाभ प्राप्त करने के अधिकारी होंगे। उक्त

Principal
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

Manager
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

[illegible]

[illegible] [illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

भारतीय गैर न्यायिक
बीस रुपये Rs.20
Rs.20
TWENTY RUPEES
INDIA NON JUDICIAL
उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

20 3TAA 969736

व्यवस्थापक के मृत्यु के बाद उनकी सन्तान तथा कानूनी वारिस पारिश्रमिक व लाभ प्राप्त करने के अधिकारी होंगे और यह सिलसिला आगे भी ऐसे ही चलता रहेगा।

8. यह कि सभी सम्बन्धित ट्रस्टी व्यक्तिगत रुप से केवल ट्रस्ट हेतु प्राप्त की गई राशि, सम्पत्ति व प्रतिभूतियों के लिए उत्तरदायी होंगे तथा केवल अपने द्वारा किये गये कार्य प्रादि, उपेक्षा अथवा चूक के लिए व्यक्तिगत रुप से उत्तरदायी होंगे परन्तु अन्य ट्रस्टीगण, बैंकर, दलाल, एजेन्ट अथवा अन्य व्यक्ति जिसके हाथ में ट्रस्ट की राशि या प्रतिभूतियाँ आदि रखी गई है और उनके द्वारा किये गये कार्य से किसी निवेश का मूल्य घटने अथवा ट्रस्ट को किसी भी प्रकार की हानि होने पर परन्तु व उनके द्वारा जानबूझकर की गई चूक अथवा व्यक्तिगत कार्य के कारण न हुआ हो तो ट्रस्टीगण उसके लिए व्यक्तिगत उत्तरदायी नहीं होंगे।

9. यह कि अध्यक्ष ट्रस्ट के नाम से चालू खाता सावधि जमा खाता, बचत खाता, ओवर ड्राफ्ट खाता व सभी प्रकार के बैंकिंग खाते किसी भी संस्था जो कि बैंकिंग का व्यवसाय करती हो में खोल और रख सकते है। उक्त सभी बैंकिंग एकाउन्ट्स-खातों व अन्य सभी बैंकिंग खातों का संचालन अध्यक्ष/कोषाध्यक्ष के संयुक्त रुप से खातों का संचालन किया जा सकेगा।

10. यह कि अध्यक्ष को अन्य ट्रस्टी रखने एवं सदस्य बनाने तथा उनको हटाने का अधिकार होगा। ट्रस्ट के नाम नियम एवं उद्देश्यों में परिवर्तन करने का अधिकार भी अध्यक्ष को होगा। अध्यक्ष की मृत्यु के बाद उनकी सन्तानें क्रमशः उक्त ट्रस्ट के अध्यक्ष/मंत्री होंगे और यह सिलसिला आगे भी ऐसे ही पीढ़ी दर पीढ़ी रहेगा।

11. यह कि ट्रस्टीगण को उक्त ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु तथा आवश्यक होने पर अन्य व्यक्तियों, संस्था अथवा किसी अधिकारी अथवा किसी अन्य के सहयोग से समस्त विधिक कार्य करने का पूर्ण अधिकार होगा।

Principal
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

Manager
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

[illegible]

२।२७०८ [illegible]

[illegible] [illegible]

[illegible]

[illegible]

INDIA NON JUDICIAL

Rs.20 TWENTY RUPEES

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH 31AA 759734

12- यह कि अध्यक्ष ट्रस्ट की प्राप्ति व खर्चों का व ट्रस्ट फण्ड एवं सम्पत्तियों का सम्पूर्ण उचित तरीके से बजाप्ता हिसाब रखेंगे और प्रतिवर्ष 31 मार्च तक समाप्त होने वाले लेखा/आर्थिक वर्ष का वार्षिक आय-व्यय का लेखा व आर्थिक चिट्ठा बनायेंगे जो कि अध्यक्ष को हस्तान्तरित किया जायेगा और उसका आडिट चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा कराया जायेगा।

13- यह कि न्यासी/ट्रस्टी को यह अधिकार होगा कि वह अपना उत्तराधिकारी वसीयत के अनुसार निश्चित कर सके। ट्रस्टी सदस्यों के मरणोपरान्त उस वसीयत के अनुसार ट्रस्टी उस उत्तराधिकारी को ट्रस्ट में सदस्य बनायेंगे। अध्यक्ष उक्त संस्थापक ट्रस्टी के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को ट्रस्ट पर, ट्रस्ट की परिसम्पत्तियों पर, ट्रस्ट के सदस्यता पर किसी भी प्रकार का अधिकार न होगा। प्रत्येक न्यासी/ट्रस्टी की मृत्यु होने पर या अक्षम अथवा अनुपयुक्त होने पर उक्त न्यासी/ट्रस्टी के स्थान पर न्यासी/ट्रस्टी तथा नवनियुक्त ट्रस्टी को एतदद्वारा नियुक्त ट्रस्ट के समान ही कार्य करने का अधिकार एवं कर्तव्य होगा।

14 यह कि ट्रस्ट फण्ड में सम्मिलित किसी राशि सम्पत्तियों या अस्तियों या उनके किसी भाग को एक साथ अथवा खण्डों में सार्वजनिक निलाम या प्राइवेट संविदा द्वारा सशर्त या बिना सशर्त विक्रय करना/क्रय करना किसी विक्रय अथवा पुन: विक्रय की संविदा में परिवर्तन करने अथवा विखण्डित करने का अधिकार होगा और ट्रस्टीगण उसमें हुई किसी भी हानि के जिम्मेदार नहीं होंगे।

15- यह कि ट्रस्ट की डीड ट्रस्ट के अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रुप से पंजीकृत करायी जायेगी।

यह कि एतदद्वारा संस्थापित किया गया ट्रस्ट अप्रतिसंहरणीय होगा, परन्तु यदि किसी कारणवश ट्रस्टीगण उक्त ट्रस्ट का संचालन करने में असमर्थ होंगे तो ट्रस्ट के सभी सम्पत्तियों/परिसम्पत्तियों को निस्तारण कर ट्रस्ट की सभी देनदारियों का भुगतान करने के पश्चात ट्रस्ट का विघटन कर सकते है।

Principal
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

Manager
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

[illegible] [illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

भारतीय गैर न्यायिक

Rs. 20

TWENTY RUPEES

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

37AA 969735

उपरोक्त के साक्ष्य स्वरूप अध्यक्ष ने अपने हस्ताक्षर किये शेषनाथ सिंह व सीमा सिंह व श्रीप्रकाश सिंह व विनोद कुमार सिंह व श्रीमती राधिका देवी की ओर से इस ट्रस्ट के निष्पादन हेतु अन्य ट्रस्टी/पदाधिकारी अमर नाथ सिंह को अधिकृत किया गया है।

अमरनाथ सिंह

गवाह सन्तोष कुमार यादव पुत्र स्व०-चन्द्रिका यादव
ग्राम + पो० बटुलही जिला - देवरिया
मो०नं०- 9415534715

संतोष यादव

गवाह महातम सिंह S/o स्व० विश्वनाथ सिंह
ग्राम व पो०- बैलकुन्डा जिला - देवरिया
मो०नं०- 9935051835

मसौदाकर्ता-रामईश्वर सिंह एडवोकेट,तहसील कोर्ट,देवरिया
दिनांक 18/08/2018 R. Singh Adv 18/08/18

महातम सिंह

Principal
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

अमरनाथ सिंह
Manager
GPS Senior Secondary Public School
Sudama Chauraha, Batulahi, Deoria

बही संख्या 4 जिल्द संख्या [illegible] के पृष्ठ 37 से [illegible] तक क्रमांक 82 पर दिनांक 18/08/2018 को रजिस्ट्रीकृत किया गया ।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

चन्द्रमोहन सिंह प्रभारी
उप निबंधक : सदर
देवरिया
18/08/2018